NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

दिनांक : 30.5.2020

सभी मण्डल अध्यक्ष / मण्डल सचिव
प्रयागराज, झांसी, आगरा एवं हेडक्वाटर मण्डल

विषय :— केन्द्रीय कर्मचारियों / पेंशनरो को DA/DR दिये जाने पर रोक लगाने के आदेश को वापस लिया जाना।

आप सभी को विदित है कि भारत सरकार ने दिनांक 23.4.2020 के आदेश से समस्त केन्द्रीय कर्मचारी एवं पेंशनरो को मिलने वाले DA/DR पर रोक लगा दिया है, जिसपर NCRES की समस्त शाखाओं ने दिनांक 22.5.2020 को धरना, प्रदर्शन आयोजित कर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया है।

NFIR एवं अन्य समस्त सेन्ट्रल ट्रेड यूनियनो ने आपस में विस्तार से चर्चा कर कर्मचारियों / पेंशनरो को मिलने वाले DA/DR पर रोक लगाने के सरकार के फैसले का विरोध किया और इसे वापस लेने के लिये JCM (Staff Side) की तरफ से दिनांक 26.5.2020 को भारत सरकार के कैबिनेट सिकेटरी को पत्र लिखा गया है।

NFIR ने अपने पत्र दिनांक 29.5.2020 द्वारा आवाहन किया है कि सरकार द्वारा DA/DR पर रोक लगाने के आदेश को वापस लेने के लिये सभी सम्बद्ध यूनियनो के पदाधिकारी / कर्मचारी पोस्ट कार्ड भेजकर प्रधानमंत्री से अपील करे।

अतः NFIR के निर्देशानुसार NCRES के सभी केन्द्रीय / मण्डलीय व शाखा के पदाधिकारी तथा डेलीगेट्स कर्मचारियों से सम्पर्क कर उन्हें सरकार के मजदूर विरोधी कार्य जैसे कर्मचारियों / पेंशनरो को दिये जाने वाले DA/DR पर रोक लगाने के आदेश इत्यादि के बारे में बताये ताकि वे सभी लोग माननीय प्रधानमंत्री के पास पोस्ट कार्ड भेजकर **"DA/DR पर रोक लगाने का निर्णय वापस लिया जाय"** अपील कर सके।

	पोस्ट कार्ड
माननीय प्रधानमंत्री जी कर्मचारियों / पेंशनरो को दिये जाने वाले DA/DR पर रोक लगाने का आदेश वापस लिया जाय। भेजने वाले का नाम व पता	माननीय नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री, भारत सरकार साउथ ब्लाक, सचिवालय बिल्डिंग नई दिल्ली — 110001

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री